RE GROW HAIR OIL /CAP. — Hair Regrowth Treatment
PYLO QUIT CAP/CREAM — For Quick Relif Foum Piles
STONE ACT CAP./SYP. — Herbal Alkalinizer For Renal & Kidney Stone
APPYZYME SYP./DROPS — Powerful Herbal Enzyme
KHANSI AMRUT — Sugar Free Cough Syrup
JAMUN KARELA PLUS JUICE — Jamun-1000mg + Karela-750mg + Neem-200mg + Gudmar-250mg + Methi-250mg
CARDIHOP SYP. — Lehsun 2.5ml + Adrak 2.5ml + Nimbu 2.5ml + Sev. 2.5ml
PUREACTIVE MALT — For Complete Nutrition
PURE-PANCHAM TULSI — Extracts of Five Type of Tulsi (Antioxidants)
PRATIKK ONION SEEDS HAIR OIL — Advance Nourishment For Hair
PURE BODY GROW POWDER — For Weight Gain, Increase Energy, & Muscles Development
PRATIKK ONION SEEDS SHAMPOO — Increases Hair Thickness And Makes The Hair Voluminous
TRIFLA PLUS JUICE — Amla – 750mg, Baheda – 750mg, Harad – 750mg, Tulsi – 250mg, Giloy – 250mg
PRATIKK CHYAWANPRASH SPEIAL — Freedom From Illness
FEVOACT SYP. — Best Remedy For Fever
Wanted Franchise from all over India, Nepal & Bhutan
Attractive Terms: Assure Monopoly, Long Lasting Relationship, Committed Dealings, Timely Delivery
We Offers: Visual Aid, Visiting Cards, Product Cards, Gift Articles
नोट : आयुर्वेदिक दवाओं के क्रय विक्रय के लिए ड्रग लाईसेंस की आवश्यकता नहीं है, आप स्वयं भी दवाएं मंगवाकर अपना व्यवसाय आरंभ कर सक्ते हैं
For business Inquiry - 09736701313, 09882011313
AYURMED LIFE CARE
Ayurmed LIFECARE
SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Road, Baddi - 173205 (H.P.)
E-mail: puremedbiotech@gmail.com
Customer Care No. 01795-244446
www.ayurmedlifecare.com

## अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, प्रतिबंधित दवाएं बरामद

**मोतीहारी:** अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर नशीली व प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गई हैं। यह दवा दुकान चकिया में फ्लाईओवर के नीचे बिना लाइसेंस के चलाई जा रही थी। दवा दुकानदार मौके से फरार हो गया। ड्रग विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर दुकान में रखी सभी दवाओं की जांच की और काफी मात्रा में नशीली व प्रतिबंधित दवाएं जब्त कर ली हैं। ड्रग विभाग की इस कार्रवाई से दवा दुकानदारों में हडकम्प मचा हुआ है।

## इलाज में लापरवाही बरतने पर हॉस्पिटल सील, संचालक पर केस दर्ज

**औरास, उन्नाव (उप्र):** इलाज में लापरवाही बरतने पर लक्ष्य हॉस्पिटल को सील करने का मामला सामने आया है। सीएचसी प्रभारी सहित चार सदस्यीय टीम ने लक्ष्य हॉस्पिटल में दबिश दी। हॉस्पिटल संचालक को नोटिस दिया है और पंजीकरण से जुड़े कागज प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, पुलिस ने संचालक पर इलाज में लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। औरास थानाक्षेत्र के निरखीखेड़ा मजरा मिर्जापुर अजिगांव निवासी बाबूलाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी दीपा (28) पत्नी सोहन लाल रक्षाबंधन पर मायके आई थी। दीपा आठ माह की गर्भवती थी। उसे सिरदर्द होने पर औरास के लक्ष्य हॉस्पिटल में ले जाया गया। आरोप है कि हॉस्पिटल में डॉक्टर ने गलत इलाज किया। इससे एक घंटे में ही दीपा की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर होने पर हॉस्पिटल संचालक ने रुपये लेने के बाद जवाब दे दिया था। इसके बाद परिजनों ने दीपा को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां ऑपरेशन से उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। इस मामले की शिकायत मिलने पर जांच के लिए औरास सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप कुमार के नेतृत्व में गठित चार सदस्यीय टीम ने लक्ष्य हॉस्पिटल में दबिश दी। अस्पताल संचालक से पंजीकरण दिखाने के लिए कहा लेकिन वह कोई भी कागज नहीं दिखा सके। टीम ने संचालक के बयान दर्ज करने के बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि हॉस्पिटल के गेट पर नोटिस चस्पा किया गया है। वहीं, पीडिता के पिता बाबूलाल की शिकायत पर औरास थाना पुलिस ने हॉस्पिटल संचालक पर इलाज में लापरवाही का केस दर्ज किया है।

IPS PHARMACY
Emergency Services Available
Home Delivery Available
Old Khapri Rly, Mihan, Nagpur.
Mob. 7770059252, 9322467557

Jayant Banswar
J.K. PHARMACEUTICALS
Mahanadi Ring Road, Mangalabag
Cuttack - 753001, Odisha.
Tel. : (0671) 2306822, +91 6370703545
Mob. : +91 9861044406, +91 7008215235
E-mail : jkpharmaceuticals.ctc@gmail.com
jkpharmaceuticals@rediffmail.com
Website : www.jkpharmaceuticals.com

Rahul Sahu
Mob.: 8004277456
Jai Shitala Maa Medicose
Add.: Shop No. 6, Second Floor, Deendayal Market, Minerva Chauraha, Jhansi




## प्राइवेट हॉस्पिटल से दवाएं लेकर भाग रही फर्जी नर्स Arrest

**लक्ष्मीपुर, जमुई (बिहार):** प्राइवेट हॉस्पिटल से दवाएं लेकर भाग रही फर्जी नर्स को गिरफ्तार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने केनुहट स्थित मां दुर्गा इमरजेंसी हॉस्पिटल से दवा व अन्य सामान लेकर चुपके से निकल रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान सोनो की मनिता देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार महिला एक युवक के साथ देर शाम दुर्गा इमरजेंसी हॉस्पिटल का ताला खोलकर उसमें रखी दवा सहित अन्य साक्ष्यों को लेकर भागने के फिराक में थी। इसी दौरान गश्त पर निकले थाना के एसआइ विवेक कुमार यादव व सावन कुमार की नजर उक्त हॉस्पिटल के खुले दरवाजे पर पड़ी। उन्होंने अस्पताल के दरवाजे के पास जाकर देखा तो अंदर एक महिला व एक युवक हॉस्पिटल में रखे आवश्यक सामग्रियों को समेट रहे थे। मामले की सूचना के बाद थानाध्यक्ष आलोक कुमार, मजिस्ट्रेट प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिलदेव पासवान व रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ डीके धुसिया के साथ पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल की। हॉस्पिटल में रखी कई मरीजों की पर्ची, जांच रिपोर्ट सहित कई चीजों को जब्त कर लिया गया। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

**सफाई कर्मी के रूप में थी कार्यरत :** गिरफ्तार महिला मनिता कुमारी ने पुलिस को बताया कि डॉ. मनीष यादव उक्त हॉस्पिटल का संचालक था और वह यहां सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत थी। लेकिन डाक्टर मनीष यादव के नहीं रहने पर महिलाओं का प्रसव भी कराती थी। पहले वह जिला मुख्यालय में किसी महिला चिकित्सक के यहां नर्स के रूप में काम करती थी। बाद में डॉ मनीष के संपर्क में आने के बाद वह केनुहट स्थित दुर्गा इमरजेंसी हॉस्पिटल आ गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही केनुहट स्थित मां दुर्गा इमरजेंसी हॉस्पिटल में एक महिला पूनम देवी प्रसव के लिए आयी थी। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी थी। घटना के बाद उक्त हॉस्पिटल के संचालक मनीष यादव व फर्जी नर्स समेत सभी कर्मी हॉस्पिटल में ताला लगाकर फरार हो गये थे।




## दवा अल्प्राजोलम बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

**राजमुंदरी (आन्ध्र प्रदेश):** दवा अल्प्राजोलम बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यह कार्रवाई नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ने पूर्वी गोदावरी के नल्लाजेरला पुलिस स्टेशन क्षेत्र के घंटावरी पालेम में स्थित एक विनिर्माण इकाई पर की। मौके से अल्प्राजोलम नामक दवा बनाने के लिए कच्चा माल जब्त किया है और तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इस फैक्ट्री का मालिक तेलंगाना के सांगा रेड्डी जिले का निवासी पी बालकृष्ण बताया गया है। पूर्वी गोदावरी पुलिस को नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो से जानकारी मिली थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने एनसीबी की टीम के साथ मिलकर घंटावरी पालेम में स्थित एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। मौके से अल्प्राजोलम नामक दवा बनाने के लिए कच्चा माल जब्त किया है। कोव्वुरु डीएसपी, जी देवा कुमार के अनुसार तीन लोगों वेंकटेश, संभानी और जगद.ीश को मौके से गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने निर्माताओं को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध क्लीनिक पर रेड कर सील किया, संचालक को नोटिस

**एटा (उत्तर प्रदेश):** अवैध क्लीनिक पर छापेमरी कर उसे सील कर दिया गया है। वहीं, पैथोलॉजी संचालक को नोटिस थमाया गया है। यह छापेमारी क्षेत्र में कई स्थानों पर डिप्टी सीएमओ ने की। शहर में अपंजीकृत क्लीनिक, नर्सिंग होम सहित कई पैथोलॉजी संचालित हैं। इसके चलते डिप्टी सीएमओ अलीगंज व राजा के रामपुर में जांच करने पहुंचे। एक क्लीनिक अवैध पाए जाने पर सील कर दिया और एक पैथोलॉली संचालक को नोटिस दिया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया वह अलीगंज पहुंचे। यहां एक अपंजीकृत पैथोलॉजी की जांच की। संचालक नहीं मिला लेकिन अन्य कर्मचारी मिले। इस पर नोटिस दिया गया है। इसके बाद राजा का रामपुर पहुंचे। यहां एक क्लीनिक पर डॉ. धीरेंद्र यादव उपचार करता मिला।

## सर्दी और बुखार की दवाओं के सैंपल मिले जांच में फेल

**अलीगढ़ (उप्र):** प्राप्त समाचार के अनुसार सर्दी और बुखार की दवाओं के सैंपल भी जांच में फेल पाए गए हैं। न केवल इंसान बल्कि पशुओं की दवाएं भी मानकों पर खरी नहीं उतर पाई हैं। औषधि विभाग ने जिलेभर से दवा दुकानों, सरकारी-निजी अस्पतालों से लिए पांच दवाओं के सैंपल लिए थे जोकि जांच में फेल मिले हैं।

विभाग ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, यूपी की इन सभी दवा कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं। औषधि विभाग दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए समय-समय पर सैंपल लेता है। इन दवाओं के सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है। हाल ही में विभाग की टीम ने निजी अस्पातल से एंटी बॉयोटिक दवा बैक्टो ईसीवी, बी मोक्स सीवी, दवा दुकान से कफ सीरप बेस्टी डीपीसी, सर्दी की दवाव एसीक्लो मैक्स कोल्ड एंड फ्लू और पशु अस्पताल से पशुओं की सर्दी रोकने की दवा परफोस्पास जी का सैंपल लिया था। अब ये सभी दवाएं जांच रिपोर्ट में अधोमानक पाई गई है।

**ये फार्मा कंपनियों की दवाएं मिली जांच में अधोमानक :** सुपर मैक्स लेब्रो., देहरादून के अलावा कलिंगा हेल्थकेयर, हिलटेक बॉयो साइंस, और सैमसन लैब्रो. प्रालि., बद्दी सोलन, हिमाचल प्रदेश और सेफकोर्न लाइफ साइंस, सिकंदरा, यूपी। ड्रग्स इंस्पेक्टर दीपक लोधी ने बताया कि दवा दुकान, निजी अस्पताल व सरकारी पशु अस्पताल से बीते दिनों लिए गए दवाओं के नमूनों में से पांच नमूने अधोमानक श्रेणी में आए हैं। इन दवाओं की कंपनियों को नोटिस जारी किए गए हैं।




## हाईकोर्ट ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ओपीडी के संचालन पर लगाई रोक

**शिमला:** हाईकोर्ट ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल चमियाना में ओपीडी के संचालन पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव व न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने यह रोक लगाई है। राजधानी के चमियाना में स्थापित अटल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज में ओपीडी के संचालन पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। खंडपीठ ने कहा कि जब तक चमियाणा में हॉस्पिटल तक सडक को सुरक्षित व वाहन चलाने योग्य नहीं बना लिया जाता, तब तक आईजीएमसी शिमला में ही सभी ओपीडी लगेंगी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य सचिव और लोक निर्माण विभाग द्वारा दायर स्टेट्स रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि चमियाणा अस्पताल में न तो कोई कैंटीन है और न ही वहां तक मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को शिमला शहर से पहुंचाने के लिए सुरक्षित सडक है। रिपोर्ट में बताया गया था कि आईजीएमसी के प्रधानाचार्य को एचआरटीसी से बसें उपलब्ध करवाने को कहा गया था परंतु बसों और स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए बसें उपलब्ध करवाने से इनकार कर दिया गया। 31 अक्टूबर तक स्टेट्स रिपोर्ट मांगी इसके अलावा स्टाफ और चिकित्सकों को रहने के आवास नहीं भी।

## मैनकाइंड फार्मा करेगी भारत सीरम एंड वैक्सीन्स का अधिग्रहण

**मुंबई:** मैनकाइंड फार्मा कंपनी भारत सीरम एंड वैक्सीन्स (बीएसवी) में सौ फीसदी हिस्सेदारी हासिल करेगी। इसके लिए 13,630 करोड़ में अधिग्रहण करने का निश्चित समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि वह निजी इक्विटी निवेशक एडवेंट इंटरनेशनल से करीब 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम और वैक्सीन का पूर्ण अधिग्रहण करेगी।




## सितंबर एवं अक्टूबर माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 21.09.2024 | चतुर्थी श्राद्ध |
| 22.09.2024 | दिनरात बराबर |
| 27.09.2024 | विश्व पर्यटक दिवस |
| 28.09.2024 | शहिद भगतसिंह जयंती |
| 01.10.2024 | रक्तदानदिवस |
| 02.10.2024 | गांधीजी व शास्त्रीजी जयंती |
| 03.10.2024 | नवरात्र प्रारंभ |
| 05.10.2024 | वरिष्ठ नागरिक दिवस |
| 12.10.2024 | विजयदशमी दशहरा |
| 20.10.2024 | करवाचौथ व्रत |




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।

PD PAPER September 2024_32 Inch January. 2021.qxd 9/21/2024 11:05 AM Page 14





A Welcome Opportunity For the PHARMA PROFESSIONALS
for
Franchise
3rd Party
Ayurvedic
medicine
La Botanique International
www.labotaniqueinternational.com
Makers of Keshkumar / Keshkumari Hair Oil and Shampoo
IN QUALITY & STATE OF ART SECTIONS OF
Liquid | Tablets | Syrups | Drops
Capsules | Protein Powder | Sachets
Interested Parties for Franchise / PCD may also Contact:
La Botanique International
1780 M.I.E Part B
Bahadurgarh 124507
Haryana
9810102023, 9810010540
renovanutrition71@gmail.com
www.renovanutrition.com | www.velltree.com


## नकली दवाओं के खिलाफ लामबंद हुए डॉक्टर, फार्मा कंपनियों पर कार्यवाही की मांग

**भोपाल:** नकली दवाओं के खिलाफ प्रदेश के सभी डॉक्टर लामबंद हो गए हैं। सरकारी डॉक्टरों के चिकित्सा महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और अमानक दवा सप्लाई करने वाली निर्माता कंपनियों के खिलाफ कार्रवई की मांग की है। साथ ही अमानक दवाओं के सप्लायरों को आजीवन कारावास देने की बात कही गई है। मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन की जांच रिपोर्ट में 10 दवाएं अमानक मिली है। जीवन रक्षा इंजेक्शन जैसी जरूरी दवाओं का मरीजों पर असर नहीं हो रहा है। गंभीर मरीजों के इलाज में इन दवाओं के इस्तेमाल से उनकी जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसे लेकर अब सरकारी डॉक्टरों ने मोर्चा खोल दिया है। चिकित्सा महासंघ ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर अमानक दवा सप्लाई मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि अमानक दवा सप्लाई करने वाली निर्माता कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए।

## कोल इंडिया ने अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के लिए एस्टर सीएमआई अस्पताल के साथ समझौता किया

**बेंगलुरु:** कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा कि उसने थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया की स्थिति वाले बच्चों के लिए जीवन रक्षक अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण प्रदान करने के लिए बेंगलुरु स्थित एस्टर सीएमआई अस्पताल के साथ साझेदारी की है। कोल इंडिया लिमिटेड के निद. ेशक विनय रंजन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समर्थित इस पहल से कोल इंडिया लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी परियोजना को इन जीवन-धमकाने वाली स्थितियों के लिए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार में वित्तीय सहायता करने की अनुमति मिलती है। उन्होंने कहा, अपने संसाधनों और विशेषज्ञता को मिलाकर, हम इन दुर्लभ, जीवन-धमकाने वाली स्थितियों के साथ पैदा हुए बच्चों के जीवन में एक ठोस बदलाव ला सकते हैं।


Angiolife Healthcare® Pvt. Ltd.
Committed to Healthier Life....
Own Manufacturing Unit
A Professionally Managed Pharma Company Offers Monopoly Rights to Market its products On Franchisee / Ethical Mkt. / PCD Basis On State / Districts Level All Over India
TAB. / CAP. | SOFTGEL | INJECTIONS | SYP. / DRY SYP. | DROPS. / SUSP.
NASAL SPARY | POWDER | RESPULES | LOTION / OINT. | SOAP / SHAMPOO
GENERAL RANGE | ORTHO RANGE | GASTRO RANGE | GYNAE RANGE | PEDIATRIC RANGE | DENTAL RANGE
CARDIO-DIABETIC | DERMA RANGE | OPHTHAL & NASAL | ANALGESIC RANGE | ANTI-INFECTIVE | NEURO RANGE
MISCELLANEOUS | AYURVEDIC RANGE
Areawise Unique Coding System to avoid infiltration
Promotional inputs (Visual Aids, LBLs, Samples, Bags, Product Reminders, Gifts & other timely promos)
• Third Party Manufacturing proposals invited.
Parties Looking for Entire State
••• URGENTLY CALL •••
9501102150 7087002397
7087002398 0172-5012302
For Further Information, Please Write Or Contact Us :
Angiolife Healthcare® Pvt. Ltd.
Plot No.: 283, G.F. & BSMT, Ind. Area, Phase-2, Panchkula, (HR) - 134113
angiolifehealthcare@gmail.com, www.angiolifehealthcare.com


## अवैध क्लीनिक पर रेड कर सील किया, पैथोलॉजी संचालक को नोटिस

**एटा (उत्तर प्रदेश):** अवैध क्लीनिक पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया गया है। वहीं, पैथोलॉजी संचालक को नोटिस थमाया गया है। यह छापेमारी क्षेत्र में कई स्थानों पर डिप्टी सीएमओ ने की। शहर में अपंजीकृत क्लीनिक, नर्सिंग होम सहित कई पैथोलॉजी संचालित हैं। इसके चलते डिप्टी सीएमओ अलीगंज व राजा के रामपुर में जांच करने पहुंचे। एक क्लीनिक अवैध पाए जाने पर सील कर दिया और एक पैथोलॉली संचालक को नोटिस दिया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया वह अलीगंज पहुंचे। यहां एक अपंजीकृत पैथोलॉजी की जांच की। संचालक नहीं मिला लेकिन अन्य कर्मचारी मिले। इस पर नोटिस दिया गया है। इसके बाद राजा का रामपुर पहुंचे। यहां एक क्लीनिक पर डॉ. धीरेंद्र यादव उपचार करता मिला। वह चिकित्सा संबंधी कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाया। इस कारण क्लीनिक को सील किया गया है। वहीं, एक मेडिकल स्टोर पर क्लीनिक भी संचालित होते पाया गया।

## किडनी की दवा हार्ट अटैक के मरीजों के लिए लाभदायक

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार किडनी की दवा को हार्ट अटैक के मरीजों के लिए लाभदायक पाया गया है। यह दावा शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने शोध के बाद किया है। बताया गया है कि किडनी के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा को दिल के दौर वाले मरीजों को दिया जा सकता है। माउंट सिनाई फस्टर हार्ट हॉस्पिटल के नेतृत्व वाली टीम ने शोध में बताया कि एम्पाग्लिफ्लोजिन नाम की यह दवा दिल का दौरा पडने के बाद हार्ट फेलियर के मामलों को कम कर सकती है। यह दवा उन मरीजों पर भी काम करती है जिनकी किडनी पहले से कमजोर हैं। गौरतलब है कि दिल का दौरा पडने वाले मरीज अक्सर गुर्दे की समस्या के लिए ज्यादा सेंसटिव हैं क्योंकि उन्हें कुछ दवाएं या तरल पदार्थ दिए जाते हैं। ये किडनी पर बुरा असर डाल सकते हैं और इससे किडनी को नुकसान हो सकता है। इस कारण डॉक्टर दिल के दौरे के तुरंत बाद एम्पाग्लिफ्लोजिन दवा शुरू करने से हिचकिचाते हैं। यह दवा सोडियम ग्लूकोज को-ट्रांसपोर्टर 2 प्रोटीन को अवरुद्ध कर सकती है जो ब्लड से ग्लूकोज को पुन: अवशोषित करने की किडनी की क्षमता में मदद करता है। अस्पताल के निदेशक दीपक एल. भट्ट का कहना है कि यह शोध हृदयाघात से बचे लोगों में एम्पाग्लिफ्लोजिन दवा का उपयोग के बारे में है। इससे डॉक्टरों को इस दवा का इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस शोध में हृदयाघात के बढ़े हुए जोखिम वाले 6,522 रोगियों को एम्पाग्लिफ्लोजिन या उसकी जगह सिर्फ नाम की दवा दी गई। एम्पाग्लिफ्लोजिन लेने वाले मरीजों को दूसरों की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत कम पड़ी और हृदय गति रुकने की घटनाओं में भी कमी पाई गई।

## नशीले कफ सिरप की पार्सल कंटेनर में तस्करी पकड़ी

**नवादा (बिहार):** नशीले कफ सिरप की पार्सल कंटेनर में तस्करी किए जाने का मामला पकड़ में आया है। आरोपी तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी कंटेनर ड्राइवर उमेश यादव जमुई जिले का रहने वाला है और वह यह सिरप रांची से मधेपुरा ले जा रहा था। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम को नशीले पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने रजौली चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच शुरू की। टीम ने चेकिंग के दौरान एक पार्सल कंटेनर को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी में कंटेनर से भारी मात्रा में नशीला कफ सिरप बरामद हुआ। पूछताछ में कंटेनर ड्राइवर उमेश ने बताया कि उसने यह खेप रांची के लालपुर से लोड की थी और उसे मधेपुरा पहुंचाना था। वह जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के लुसिधानी गांव का रहने वाला है।

**3450 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद :** नवादा के मद्य निषेध अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि रजौली चेकपोस्ट के रास्ते मादक पदार्थ की खेप लाए जाने की सूचना पर चेकपोस्ट की टीम को अलर्ट किया था। कंटेनर से 3450 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की है। कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर फिलहाल आगे की कार्यवाही की जा रही है।


BADRIVAS BIOTECH PVT. LTD.
Khasra No. 10 & 11 Village. Makkhanpur Bhagwanpur
Roorkee-247661, Dist. Haridwar (Uttarakhand)
New Formulations | NRx | Neutraceutical, Cosmetic | Diabetic | Cardiac | Beta-lactum | Neuro | Psychiatric

Contact For Export, Manufacturing & Franchise
Approved Section
Tablets | Capsules | Liquid | Ointment | Nutraceuticals
We have more than 5500 Approved Molecules
Welcome for small batches, Third Party Manufacturing, PCD & Export facility available.
Contact No. :- +91 72538 01212 , +91 72538 11212, +91 92580 45068
Email :- badrivasindia@gmail.com | www.badrivasbiotech.com




HOCHEST "Health For All"
HOCHEST BIOTECH (INDIA)
WHO-GMP COMPANY HAVING THIRD PARTY MANUFACTURING CAPACITY
A WIDE RANGE OF
SOFTGELATIN, TABLETS, CAPSULES, LIQUIDS, DRY SYRUPS, INJECTIONS, EYE/EAR DROPS, OINTMENTS
SOME OF OUR SPECIALITY BRANDS
Ketomax-DS | ENZYGUT | REGALIN PLUS
Urihox | Lasso 15 | CREMACARE PLUS
Itrahox Plus | HoxaRaft | Tolpehox-D
For complete Product List visit www.hochestbiotech.com
We Offer : Monopoly Rights, Promotional Material, Visual Aid, Gift Articles, Physician Samples,
CONTACT DETAILS : A.O.: PLOT NO. 75, SECTOR 19, APMC MARKET, VASHI, NEW MUMBAI-400705
For Enquiries Email us at : info@hochestbiotech.com, hochestbiotech@gmail.com
or call us on +91 9803066190, +91 9779585528


4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।




## एफडीए सलाहकारों ने यकृत रोग दवा के पुष्टिकरण डेटा के खिलाफ मतदान किया

**बेंगलुरु:** यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के स्वतंत्र सलाहकारों ने शुक्रवार को इंटरसेप्ट फार्मास्यूटिकल्स की लिवर रोग दवा के पुष्टिकरण परीक्षण डेटा के खिलाफ मतदान किया, जिससे अमेरिकी बाजार में उपचार का भविष्य सवाल में पड़ गया। इंटरसेप्ट की दवा, ओकालिवा को 2016 में प्राथमिक पित्त संबंधी कोलांगाइटिस नामक एक दुर्लभ लिवर स्थिति के उपचार के रूप में त्वरित स्वीकृति दी गई थी । त्वरित मार्ग के तहत, एफडीए को कंपनियों को अतिरिक्त परीक्षण करने की आवश्यकता होती है जो उनके दवाओं के लाभों को सत्यापित करते हैं। ऐसा करने में विफलता से एजेंसी को बाजार से दवा वापस लेने की ओर ले जा सकती है। सलाहकार पैनल ने 13-1 से वोट दिया कि दवा के पुष्टिकरण परीक्षण और अतिरिक्त अवलोकन अध्ययन से उपलब्ध डेटा उन रोगियों में इसके लाभों की पुष्टि नहीं करता है जो रोग के प्रारंभिक चरण में हैं। विशेषज्ञों ने 10-1 से यह भी मत दिया कि ओकैलिवा के लाभ इसके जोखिमों से अधिक नहीं हैं। पैनल के तीन सदस्यों ने दवा के लाभ-जोखिम प्रोफाइल पर मतदान से परहेज किया। थ्क। को 15 अक्टूबर तक दवा के लिए पारंपरिक स्वीकृति पर अपना निर्णय लेना है। यह आमतौर पर पैनल की सलाह का पालन करता है, लेकिन ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं है।

## मुंबई के केईएम अस्पताल में 56 साल में पहली बार हृदय प्रत्यारोपण कराने वाले मरीज की 40 दिन बाद मौत

**मुंबई:** 38 वर्षीय महेश पडाव ने 56 वर्षों में परेल में नागरिक संच. ालित केईएम अस्पताल में हृदय प्रत्यारोपण करवाने वाले पहले मरीज के रूप में इतिहास रचने के बमुश्किल 40 दिन बाद, संभाजीनगर निवासी का अपने घर के पास के एक अस्पताल में निधन हो गया। संभाजीनगर के उनके रिश्तेदार विजय राणे ने कहा, ष्उन्हें 21 अगस्त को अचानक बुखार आया और अस्पताल में भर्ती होने के 24 घंटे के भीतर ही उनकी मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने कहा कि उनकी अचानक मृत्यु के कारण के बारे में अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है; यह संभव है कि उन्हें कोई संक्रमण हो गया हो या उनके शरीर ने प्रत्यारोपित हृदय को अस्वीकार करना शुरू कर दिया हो, जिसके कारण 22 अगस्त की सुबह पूर्व रिक्शा चालक की मृत्यु हो गई, जिनकी 13 और 11 वर्ष की दो बेटियाँ हैं। परिवार ने उनके हृदय प्रत्यारोपण के एक महीने पूरे होने का जश्न मनाया था। एक रिश्तेदार ने कहा, यह बहुत अचानक हुआ और हम अभी भी इससे उबर नहीं पाए हैं। पदव एक महीने या उससे ज्यादा समय तक अस्पताल में रहे, जब 11 जुलाई को एक ब्रेन-डेड मरीज के पति ने उनका हृदय दान करने के लिए सहमति जताई।




## पेट की अतिरिक्त चर्बी महिलाओं में बनती है व्यापक दीर्घकालिक दर्द का कारण

**नई दिल्ली:** एक अध्ययन के अनुसार, पेट के आस-पास अतिरिक्त चर्बी के कारण व्यापक रूप से पुराने दर्द का अनुभव होने की संभावना अधिक होती है, खासकर महिलाओं में। यूके बायोबैंक डेटासेट के 32,000 से अधिक प्रतिभागियों में , शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन महिलाओं के पेट के अंग के आस-पास चर्बी होती है, जिसे श्विसरल एडीपोज टिशूश कहा जाता है, उनके शरीर में कई बिंदुओं पर पुराने दर्द का अनुभव होने की संभावना दोगुनी होती है। प्रतिभागियों में से लगभग आधी महिलाएँ थीं, जिनकी औसत आयु 55 वर्ष थी। पुराना दर्द एक ऐसी स्थिति है जिसमें चोट या आघात के बाद दर्द तत्काल उपचार अवधि से परे बना रहता है। यह कभी-कभी व्यापक हो सकता है, शरीर के एक से अधिक हिस्सों में महसूस किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं सहित, ने यह भी पाया कि जिन महिलाओं में श चमड़े के नीचे वसा ऊतक श या त्वचा के ठीक नीचे वसा जिसे चुटकी में दबाया जा सकता है, का स्तर अधिक होता है, उनमें बड़े पैमाने पर पुराना दर्द होने की संभावना 60 प्रतिशत अधिक होती है। निष्कर्ष रीजनल एनेस्थीसिया एंड पेन मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। जबकि मोटापे में अतिरिक्त वसा को मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द से जुड़ा माना जाता है, शोधकर्ताओं ने कहा कि अतिरिक्त आंतरिक और उपचर्म और व्यापक पुराने दर्द के बीच के संबंध का अध्ययन नहीं किया गया है। अध्ययन किए गए पुरुषों में, जिन लोगों में आंतरिक वसा ऊतक और उपचर्म वसा ऊतक का स्तर अधिक था, उनमें बड़े पैमाने पर पुराना दर्द होने की संभावना क्रमशः 34 प्रतिशत और 39 प्रतिशत अधिक थी। महिलाओं में वसा और पुराने दर्द के बीच मजबूत संबंध पुरुषों की तुलना में वसा के वितरण में भिन्नता और हार्मोनल अंतर का परिणाम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने सलाह दी कि पेट की चर्बी को संबोधित करने से पुराने दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है।




## यूएसएफडीए ने जारोड संयंत्र में विभिन्न विनिर्माण खामियों का हवाला दिया

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने गुजरात स्थित अपने प्लांट में विनिर्माण संबंधी खामियों के लिए जाइडस लाइफसाइंसेज की खिंचाई की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक शार्विल पटेल को लिखे चेतावनी पत्र में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने उल्लेख किया कि दवा निर्माता वडोदरा जिले में अपने जारोड स्थित प्लांट में दवा उत्पादों में पहचाने गए संदूषण की जांच करने में विफल रहा। यूएसएफडीए ने कहा कि उसने 15 से 23 अप्रैल, 2024 तक विनिर्माण सुविधा का निरीक्षण किया। यह चेतावनी पत्र तैयार दवाओं के लिए वर्तमान अच्छे विनिर्माण अभ्यास (सीजीएमपी) विनियमों के महत्वपूर्ण उल्लंघनों का सारांश देता है, इसने कहा। इसने आगे कहा: चूंकि आपके तरीके, सुविधाएं, या विनिर्माण, प्रसंस्करण, पैकिंग, या होल्डिंग के लिए नियंत्रण CGMP के अनुरूप नहीं हैं, इसलिए आपके दवा उत्पाद मिलावटी हैं। चेतावनी पत्र तब जारी किया जाता है जब अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक को पता चलता है कि किसी निर्माता ने उसके नियमों का काफी उल्लंघन किया है। सुविधा में विनिर्माण मुद्दों पर विस्तार से बताते हुए, USFDA ने कहा: आपकी फर्म किसी भी अस्पष्टीकृत विसंगति या बैच या उसके किसी भी घटक की किसी भी विनिर्देश को पूरा करने में विफलता की पूरी तरह से जांच करने में विफल रही, चाहे बैच पहले से ही वितरित किया गया हो या नहीं। इसने कहा कि लगभग तीन महीनों तक, सुविधा में कई क्रॉस-संदूषण घटनाएं हुईं। यूएसएफडीए ने कहा, आपकी जांच में सभी प्रभावित बैचों, सभी विनिर्माण उपकरणों और दूषित दवा उत्पादों को जारी करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आपकी परीक्षण विधियों की पर्याप्तता पर विचार नहीं किया गया।






PD PAPER September 2024_32 Inch January. 2021.qxd 9/21/2024 11:05 AM Page 16



Now Also Contact for 3rd Party Manufacturing & PCD DERMA COSMETICS Franchise Business
XENON Pharma Pvt. Ltd. (A WHO-GMP Certified Company)
XENON · MASLIFE · XENON
For PCD Franchise & Distribution Marketing
★ Leaders in introducing 1st time in India products for franchise marketing
★ Achieving Customer Satisfaction is Fundamental to our Business, As we provide latest molecules with highest quality standards.
★ We also Provide Scientific Data, Promotional Inputs & Gift Articles for Ethical Working and Better Promotion
★ Assurance of Timely Delivery, High Quality & Cost Effective Product Range.
★ Also contact for 3rd party manufacturing and PCD franchise marketing of DERMA COSMETICS range.
www.xenonpharma.in nsm@xenonpharma.in | XENON Pharma Pvt. Ltd. | Contact : +91 9811249056

# सैनोफी, एस्ट्राजेनेका को आरएसवी थेरेपी विनिर्माण लाइन के लिए अमेरिकी मंजूरी मिली

**बेंगलुरुः** सनोफी और पार्टनर एस्ट्राजेनेका को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से उनके निवारक श्वसन सिंकिटियल वायरस (RSV) थेरेपी के लिए विनिर्माण लाइन के लिए मंजूरी मिल गई है, फ्रांसीसी दवा निर्माता ने सोमवार को कहा।

**विस्तारित क्षमता से दवा निर्माताओं को RSV सीजन से पहले बेफोर्टस** : की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। पिछले साल इस थेरेपी की आपूर्ति कम थी। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने पिछले साल जुलाई में शिशुओं और बच्चों में RSV को रोकने के लिए इंजेक्टेड एंटीबॉडी थेरेपी को हरी झंडी दी थी। कंपनी ने कहा कि थेरेपी की इंजेक्शन खुराकें शिप किए जाने के लिए तैयार हैं, जिससे 2024-2025 RSV सीजन से पहले उत्तरी गोलार्ध के लिए आपूर्ति में सुधार होगा। सैनोफी ने रॉयटर्स द्वारा इस बारे में टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया कि फिलिंग लाइन को कब मंजूरी दी गई। कंपनी ने कहा कि वह बेफोर्टस की 50 मिलीग्राम और 100 मिलीग्राम की खुराकें संयुक्त राज्य अमेरिका को भेज रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिकांश खुराकें उपलब्ध हों। RSV एक सामान्य श्वसन वायरस है जो नाक, गले और फेफड़ों को संक्रमित करता है। यह शिशुओं में अस्पताल में भर्ती होने का एक प्रमुख कारण है, जो जीवन के पहले वर्ष के दौरान तीन में से दो शिशुओं को प्रभावित करता है।

# नशीली दवा की तस्करी पकड़ी, 30 करोड़ की याबा टैबलेट जब्त, 3 अरेस्ट

**करीमगंज (असम):** प्राप्त समाचार कि अनुसार नशीली दवा की तस्करी पकड़ी गई है। पुलिस ने 30 करोड़ की याबा टैबलेट जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक लाख याबा टैबलेट जब्त की। बरामद की गई टेबलेट की बाजारी कीमत 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। करीमगंज जिले की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास के नेतृत्व में दबिश की योजना बनाई गई। बदरपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर पुलिस ने एक क्रेटा वाहन को रोका और एक गुप्त डिब्बे में छिपाकर रखी गई तस्करी की सामग्री बरामद की। मौके से तीन लोगों को पकड़ा गया। इनकी पहचान अशरफ अली, अब्दुल हन्नान और प्रदीप दास के रूप में हुई है। ये सभी पड़ोसी कछार जिले के कटिगोराह के निवासी हैं। पूछताछ में सामने आया कि इन याबा टैबलेट की तस्करी मिजोरम से असम के पथरकंडी के लिए की जा रही थी। गिरफ्तार किए गए तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इन्हें फिलहाल बदरपुर पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया है। पुलिस टीम नशीले पदार्थ की तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।

# जीवनरक्षक अस्थमा का इंजेक्शन मिला जांच में फेल, लॉट को किया बैन

**इंदौरः** जीवनरक्षक अस्थमा का इंजेक्शन जांच में फेल पाया गया है। इसके चलते इस इंजेक्शन पर बैन लगा दिया गया है। इस इंजेक्शन का नाम ‘उपदवचीलससपदम है, जो अस्थमा के इलाज में काम आता है। इसके कुछ लॉट अमानक पाए गए हैं। इसके चलते उनके इस्तेमाल पर बैन लगा दिया गया है। इंदौर सहित यह दवा प्रदेशभर में प्रतिबंधित कर दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार इस इंजेक्शन का इसतेमाल अस्थमा के इलाज के लिए होता है। इसेलगाने से मरीज के फेफड़ों को राहत मिलती है। अस्थमा के इंजेक्शन के सैंपल लेकर भोपाल लैब में टेस्ट करवाए गए थे। जांच में उनकी क्वालिटी मानकों के अनुरूप नहीं मिली। इसके बाद मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कार्पोरेशन लि.ने प्रदेश के कॉलेजों के डीन, अधीक्षक, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को पत्र लिखा तथा इस इंजेक्शन का इस्तेमाल न करने को कहा गया। संबंधित फार्मा कंपनी को भी अमानक मिले बैच के लॉट की सप्लाई रोकने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही निर्देश दिए है कि जहां भी यह इंजेक्शन भेजे गए है, उसे वापस मंगवाया जाए। बताया गया है कि इंदौर के दवा बाजार में भी इस इंजेक्शन की सप्लाई वितरकों ने रोक दी। बता दें कि सैंपल फेल होने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी ओआरएस पाउडर और एक अन्य दवा के सैंपल फेल पाए जा चुके हैं। इसके अलावा इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने 9 इंजेक्शनों को लेकर शिकायत की गई थी। प्रशासन ने उन इंजेक्शनों पर बैन लग दिया था।

कर्म ही पूजा है
MEDICAL DARPAN MEDIA HOUSE
All India Circulation
आवश्यकता है
समस्त भारतवर्ष में अपनी इच्छानुसार शहर का चयन कर संवाददाता व विज्ञापन बुकिंग हेतु प्रतिनिधि व ऑफिस हेतु
• ऑफिस स्टाफ • सोशल मीडिया एक्सपर्ट
• कम्प्यूटर ऑपरेटर • आशुलिपिक
• ग्राफिक्स डिजाइनर • रिसेप्शनिस्ट
• अकाउन्टेंट • टेलीकॉलर
• सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर विशेषज्ञ
आय Rs.10,000/- to Rs.25,000/- तक, कार्यानुसार
Send Your Resume & Contact us:
9045029158, 9410434811
medicaldarpanaccount@gmail.com, medicaldarpan.ctp@gmail.com
• मैडीकल दर्पण • Pharma दर्पण
• Pharma News • ADR (A Drug Index)
• medicaldarpan.com • onlinepharmamarket.com
Limca Book of Records Holder
• Soap Museum • Bank of Visiting Cards
Medical Darpan Media House, Pushpanjali Enclave, K.P. Road, Bulandshahr 203001 (UP)

भूख बढ़ायें, ऊर्जा बढ़ायें मूड को सुधारें, तनाव कम करें याद्दाश्त बढ़ायें
A WHO-GMP ISO 9001:2015 certified company
MIKAYLA LIFE SCIENCES
Multivitamin, Multimineral & Antioxidant Syrup
MULTIMIK Plus
MULTIMIK
MIKAYLA LIFE SCIENCES
Plot No. 309, Industrial Area, Phase 2, Panchkula (HR)
(M) 9915501900
sales@mikayla.in www.mikaylalifesciences.com

Unleash Your Potential
Partner with us as a PCD Franchisee or Pharma Distributor
PCD PHARMA FRANCHISE
Business Opportunity Pan India
Qscent Puregaba ET · Aarfenac DM · Raptura · Rozep Trio
Contact: +91 9416070290
Aaryan Healthcare Pvt. Ltd.
Committed for healthier and better life
(An ISO 9001:2008 Certified Co.)
Email: healthcare.aaryan@gmail.com

We Welcome Your Inquiries for 3rd Party Manufacturing
Committed to Create Miracles
MIRACLE LIFE SCIENCES
GMP · GLP · FDA APPROVED
Best quality of efficiency Product we directly approved by WHO GMP
With the Wide Range of :
Tablets · Capsules · Liquids · Dry Syrup · Dry-Inj.
Drops · MEDICATED SOAP · Syrup · Ointments · Veterinary Bolus
Beta & Non-Beta · Ophthalmic Drops · Veterinary Inj.
Excellent Packing Like Alu-Alu, Blister & Strip Packing
Brand Promotional Input Like......
Visual aid · Sample Catch covers · Visiting Cards · Product Literature · MR Bags · DCR Pad · Gifts
Trade Enquiries are Welcome for Third Party MFG. / PCD Franchises Distribution on Monopoly basis in PAN India.
M. +91 9897039922, 9897939961, 7037039923
MIRACLE LIFE SCIENCES
(Behind Patanjali Yog Peeth) 148, Village : Bahadarpur Saini, Post: Daulatpur Bahadrabad-249 405, Haridwar (U.K.)
Email : miracle.patel@gmail.com Web: www.miraclelifesciences.in

SURYAVEDA COSMECEUTICALS PVT. LTD.
In-House Research and Development
Third Party COSMETIC Manufacturer
In-House Laboratory Testing
Skin Care · Hair Care · Personal Care
FACE WASH, FACE SCRUB, FACE PACK, FACE CREAM, FACE SERUM, FACE MASSAGE GEL, FACE TONER, MOISTURISER, SUNSCREEN, FACIAL KITS, BLEACH CREAM, HAIR REMOVAL CREAM, HAIR OIL, GLYCERIN SOAPS, BODY WASH
BODY MASSAGE OIL, HAIR SERUM, EYE CARE PRODUCTS, HAND & FOOT CARE PRODUCTS, LIP CARE PRODUCTS, HAIR SHAMPOO, HAIR CONDITIONER, HAIR STYLING GEL, PERSONAL HYGIENE PRODUCTS, DERMA COSMETICS, HAND HYGIENE PRODUCTS, SHAVING & BEARD CARE PRODUCTS
Customised Product · Packaging Designs
Mr. Ashok Kumar Jha, Director, M.Sc., MBA, BAMS
CONTACT US FOR INQUIRES RELATED WITH IT
+91- 8287145039 | 9667097234 | 9897978626
www.suryavedacosmetics.com | www.suryavedacosmeceuticals.in

# आंदोलनकारी डॉक्टरों ने राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आरजी कर अस्पताल में चल रहे गतिरोध में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा लिखे गए चार पन्नों के पत्र की प्रतियां उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी भेजी गईं। 9 अगस्त को राज्य द्वारा संच.ालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्ट-ग्रेजुएट प्रशिक्षु के साथ बलात्कार और हत्या कर दी गई थी। तब से जूनियर डॉक्टर काम बंद पर हैं। हम विनम्रतापूर्वक राज्य के प्रमुख के रूप में आपके सम्मानीय महामहिम के समक्ष मुद्दों को रखते हैं, ताकि हमारे दुर्भाग्यपूर्ण साथी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुए हैं, उन्हें न्याय मिले, और ताकि हम, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य सेवा पेशेवर, बिना किसी डर और आशंका के जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो सकें। उन्होंने लिखा, इस मुश्किल समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण की तरह काम करेगा, जो हमें हमारे चारों ओर फैले अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा कला ज्योति एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग